an>

Title: Regarding situation arising due to alleged irregularities in payment of honorarium to Anganwadi workers in the country.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं। सम्पूर्ण देश में उस देश के राÂष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों को संपन्न करने में जिनकी भूमिका है, चाहे वह पल्स पोलियो का कार्यक्रम हो या बूथ लेवल ऑफीसर्स का काम हो या राÂष्ट्रीय जनगणना का काम हो, इस तरह के राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों में लगी हुई देश की जो 28 लाख हमारी आंगनबाड़ी की महिलाएं हैं, सहायिकाएं हैं, और कार्यकर्ती हैं, आज भी उन्हें जो मानदेय मिल रहा है, वह विभिन्न राज्यों में अलग-अलग मिल रहा है।...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी की बहनों को मात्र तीन हजार रुपए मिल रहे हैं, सहायिकाओं को 1,600 रुपए मिल रहे हैं, जबकि केन्द्र सरकार तीन हजार रुपए दे रही है।...(व्यवधान) एक नियम है कि उसका 40औ राज्यों को देना चाहिए।...(व्यवधान) आज हरियाणा में उन्हें 7,500 रुपए मिल रहे हैं। इसी तरह से, उत्तराखण्ड में उन्हें 7,600 रुपए मिल रहे हैं।...(व्यवधान)

महोदया, आज मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इन्हें अस्थायी कर्मचारी के रूप में घोÂिषत किया जाए।...(व्यवधान) इनका मानदेय दस हजार रुपए से लेकर पन्द्रह हजार रुपए बढ़ाया जाए।...(व्यवधान) आज उत्तर प्रदेश में अकेले चार लाख आंगनबाड़ी की हमारी कार्यकर्ती और सहायिकाएं हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री देवेन्द्र सिंह भोले,

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री अजय मिश्रा टेनी,

श्रीमती नीलम सोनकर,,

श्री अश्विनी कुमार चौबे,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, और

श्री रोड़मल नागर को श्री जगदम्बिका पाल द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।